# Solutions: Current Affairs Quiz 231

sanskritiias.com/pt-quiz-solutions/current-affairs-quiz-231

### Q1.

चाड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. चाड एक स्थलरुद्ध अफ़्रीकी देश है।
2. इसकी सीमा सूडान, नाइजर, नाइजीरिया, कैमरुन, माली तथा कॉन्गो रिपब्लिक से मिलती है।
3. इसका भौगोलिक विस्तार तीन क्षेत्रों- सहारा, साहेल और सवाना में बंटा हुआ है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. उपर्युक्त में से कोई नहीं।

The correct answer is: 3

Solution:

**उत्तर: (c)**
**व्याख्या :**

- चाड एक स्थलरुद्ध अफ्रीकी देश है।
- इसके पूर्व में सूडान, पश्चिम में नाइजर, नाइजीरिया, कैमरून, उत्तर में लीबिया तथा दक्षिण में मध्य-अफ्रीकी गणराज्य स्थित हैं।
- चाड तीन भौगोलिक क्षेत्रों में बंटा हुआ है। इसका उत्तरी भाग सहारा है, मध्य का इलाका साहेल और दक्षिणी भाग सवाना है।
- इसका नाम चाड झील के नाम पर पड़ा है, जो इसका सबसे बड़ा दलदली क्षेत्र है। इसकी राजधानी एन' डजामेना (N'DJamena) है।
- हाल ही में, न्यूयॉर्क में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सत्र में भारत ने चाड के साहेल और चाड झील क्षेत्र में जारी आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी तथा अपराधों के कारण सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की है।

**इस प्रकार, कथन 1 और 3 सही हैं। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**Q2.**

एल.सी.ए. तेजस एम.के.-1A के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. इसे स्वदेशी रूप से डिज़ाइन तथा विकसित किया गया है।
2. यह विमान, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट, बियॉन्ड विज़ुअल रेंज मिसाइल तथा एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग जैसी परिचालन क्षमताओं से लैस है।
3. इसका निर्माण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा किया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. उपर्युक्त सभी।

The correct answer is: 4

Solution:

**उत्तरः (d)**
**व्याख्या :**

- लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA) तेजस एम.के.-1A लड़ाकू विमान स्वदेशी रूप से डिज़ाइन तथा विकसित किया गया है।

- यह विमान 4+ पीढ़ी से संबंधित है जो इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट, बियॉन्ड विज़ुअल रेंज (BVR) मिसाइल, एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड एरे (AESA) रडार, और एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग (AAR) जैसी अत्याधुनिक परिचालन क्षमताओं से लैस है।
- आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा इसे डिज़ाइन, विकसित और निर्मित किया गया है।
- हाल ही में, मंत्रिमंडल ने भारतीय वायु सेना के लिये 10 तेजस एम.के.-1ए प्रशिक्षण विमान और 73 एल.सी.ए. तेजस एम.के.-1ए लड़ाकू विमान की खरीद के लिये मंजूरी प्रदान की है।

**इस प्रकार, उपर्युक्त सभी कथन सही हैं। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।**

**Q3.**

---

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. इसमें 5 स्थाई तथा 7 अस्थाई सदस्य होते हैं।
2. वर्ष 2021-22 के लिये भारत सुरक्षा परिषद का अस्थाई सदस्य के रूप में निर्वाचित हुआ है।
3. भारत सातवीं बार अस्थाई सदस्य बना है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2
3. केवल 1 और 3
4. उपर्युक्त सभी।

The correct answer is: 2

Solution:

**उत्तर: (b)**
**व्याख्या :**

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद 15 सदस्यीय निकाय है, जिसमें 5 स्थाई तथा 10 अस्थाई सदस्य होते हैं।
- इसके स्थाई सदस्य हैं- अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन।

- वर्ष 2021 में भारत के साथ-साथ नॉर्वे, केन्या, आयरलैंड और मेक्सिको भी अस्थाई सदस्य बने हैं, जबकि एस्टोनिया, नाइजर, सेंट विंसेंट एवं ग्रेनेडाइंस, ट्यूनीशिया और वियतनाम पहले से इसके अस्थाई सदस्य हैं।
- भारत वर्ष 2021-22 के लिये आठवीं बार अस्थाई सदस्य बना है। इससे पूर्व भारत वर्ष 1950-51, वर्ष 1967-68, वर्ष 1972-73, वर्ष 1977-78, वर्ष 1984-85, वर्ष 1991-92 और वर्ष 2011-12 में अस्थाई सदस्य बना था।

**इस प्रकार, कथन 1 और 3 गलत हैं। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।**

### Q4.

निम्नलिखित त्योहारों तथा संबंधित क्षेत्रों पर विचार कीजिये-

| **त्योहार** | **क्षेत्र/राज्य** |
|---|---|
| 1. पोंगल | केरल |
| 2. लोहड़ी | पंजाब |
| 3. सायन-कारात | कश्मीर |
| 4. भोगली बिहू | तमिलनाडु |

उपर्युक्त में से कौन-से सही सुमेलित हैं?

1. केवल 1, 2 और 4
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 4
4. केवल 1, 3 और 4

The correct answer is: 2

Solution:

**उत्तर: (b)**
**व्याख्या :**

- पोंगल त्योहार तमिलनाडु में मनाया जाता है।

- लोहड़ी सिखों तथा हिंदुओ द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार है, जो मुख्यतः पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में मनाया जाता है।
- सायन-करात कश्मीर में तथा भोगली बिहू असम में फसल कटाई के समय मनाए जाने वाले प्रमुख त्योहार हैं।
- इसके अतिरिक्त, 'उत्तरायण' गुजरात में, 'मकर संक्रामना' कर्नाटक में तथा 'खिचड़ी पर्व' उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखंड में मनाए जाने वाले त्योहार हैं।

**इस प्रकार, युग्म 2 और 3 सही सुमेलित हैं, जबकि 1 और 4 सही सुमेलित नहीं हैं। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।**

**Q5.**

---

एशियाई होउबारा बस्टर्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. यह एक स्थलीय पक्षी है, जो मुख्यतः उत्तर-पूर्व, मध्य एशिया, मध्य-पूर्व तथा अरब प्रायद्वीप में पाया जाता है।
2. आई.यू.सी.एन. की रेड लिस्ट में इसे सुभेद्य (Vulnerable) श्रेणी के अंतर्गत सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

The correct answer is: 3

Solution:

**उत्तरः (c)**
**व्याख्या :**

- एशियाई होउबारा बस्टर्ड एक बड़े आकार का स्थलीय पक्षी है, जो शुष्क व ठंडी जलवायु में निवास करता है।
- इसकी दो प्रजातियों; क्लैमाइडोटिस अंडुलाटा तथा क्लैमाइडोटिस मैक्केनी को अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ द्वारा मान्यता प्राप्त है।

- एशियाई होउबारा बस्टर्ड पूर्वोत्तर एशिया, मध्य-एशिया, मध्य-पूर्व एशिया तथा अरब प्रायद्वीप में पाया जाता है।
- एशियाई होउबारा बस्टर्ड को आई.यू.सी.एन. की रेड लिस्ट में सुभेद्य (Vulnerable) श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है।
- हाल ही में, पाकिस्तान सरकार ने सऊदी क्राउन और शाही परिवार के दो अन्य सदस्यों को होउबारा बस्टर्ड का शिकार करने की अनुमति देने वाले विशेष परमिट जारी किये हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान में इसके शिकार की अनुमति नहीं है।

**इस प्रकार, कथन 1 और 2 दोनों सही हैं। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।**